प्रकाशनार्थ,

5 मार्च 2023 गोरखपुर ,

जन जागृति सेवा संस्था और गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में राप्तीनगर फेज वन में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता शिप्रा मैसी ने किया जिन्होंने लोगो को रक्तदान शिविर में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया और रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया शिप्रा मैसी जी ने स्वयं रक्तदान किया

वहा मौजूद ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल जी ने जन सेवा संस्था और रक्तदान शिविर में भाग लिए हुए सभी लोगो का शुभ आशीष दिया और रक्तदान कर रहे लोगो को ब्लड देने से होने वाले फायदों के बारे में समझाया और बताया की 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों को इन सभी प्रकार के रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए रक्तदान करने से मोटापा कम होता है ह्रदय जैसे लोगों को कम होने की संभावना रहती है उन्होंने बताया की रक्तदान महादान है

शिविर में उपस्थित गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा जटाशंकर के अध्यक्ष रक्तवीर श्री यशपाल सिंह ने कहा

यह दान करने से मिलने वाली खुशी का वर्णन आप शब्दो में नही कर सकते है वे स्वस्यम 80 बार रक्तदान कर चूके हैं

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ ममता जायसवाल ने लोगो को रक्त दान के विषय में फैली गलत भ्रांतियों को दूर किया और लोगो के मन में चल रहे है सभी प्रश्नों का जवाब दिया

इस रक्तदान शिविर में आशीष कुमार, पूनम , शिप्रा मैसी , जफर खान नितिन कुमार अजय कुमार सोनकर और डॉ इमरान अहमद के साथ कुल 20 लोगो ने रक्तदान किया

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्नीशियन , एव कर्मचारी का सफल योगदान रहा ।।